# PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

**Annual Sample Paper-2022-23**

**Time:** **Subject: हिंदी** **Class:8** **M. Marks: 50**

**Name……………………** **Roll No………..……** **Section …….** **Date:**

**(खंड- क)**

**1.**निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

**संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।**



प्रश्न(क) मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है

(i) संतों के अनुभव से

(ii) वर्ण भेद से

(iii) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से

(iv) अपनी शुभ बुधि से

(ख) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है|

(i) देशों में भिन्नता बढ़ी है।

(ii) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है।

(iii) देशों की दूरियाँ कम हुई है।

(iv) देशों में विदेशी **व्यापार बढ़ा है।**

(ग)**देश में आज भी कौन-सी समस्या है**

(i) नफ़रत की

(ii) वर्ण-भेद की

(iii) सांप्रदायिकता की

(iv) अमीरी-गरीबी की

(घ) किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है?

(i) नफ़रत से

(ii) सांप्रदायिकता से

(iii) अमीरी गरीबी के कारण

(iv) वर्ण-भेद के कारण

(ङ) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है

(i) शिक्षा का व्यापक प्रसार

(ii) धर्म का व्यापक प्रसार

(ii) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार

(iv) उपर्युक्त सभी

**(खंड- ख)**

**2:-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में**

दीजिए। (1 ✖ 5=5)

**1.किस सन् में डॉक्टर अब्दुल कलाम जी को पद्म विभूषण का सम्मान प्रदान किया गया?**




**2.दो प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम बताइए l**

**3.व्यक्ति किसका अन्न खाकर अपना जीवन यापन करता है?**

**4.कवि सत्कर्तव्य कविता के माध्यम से देशवासियों को क्या संदेश देना चाहता है?**

**5.कवि सम्मेलनों और मुशायरा की सफलता किन पर निर्भर करती है?**

**3:- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर**

**विस्तारपूर्वक लिखिए।(2 ✖ 2=4)**

**1.** जीवन में हमेशा मनचाहा कार्य नहीं होता है, ऐसी स्थिति में व्यक्ति को क्या करना चाहिए?

**2. निराश** इकबाल ने अपने जीवन के कमजोर **क्षणों** में क्या किया?

4:- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (2)

(क) _______ **उन्**ही **को** मिलती है, जिनके_____ में जान होती है l

(ख) **इकबाल _______के लिए खेला और उसने अपनी टीम को विजय भी दिलवाई l**

5:- नीचे लिखें काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सप्रसंग

अर्थ लिखिए- (3)

**यह** संसार मनुष्य के लिए एक परीक्षा- स्थल हैl

**दुख** है, प्रश्न कठोर देखकर होती बुद्धि विकल है l

किंतु स्वा**त्म** बल- विज्ञ सत्पुरुष ठीक पहुंच **अटकल** से l

**हल करते** हैं प्रश्न सहज में अविरल मेधा- बल से ll

6:- निम्नलिखित **शब्दों के अर्थ लिखिए।(2)**

**(क) बेहतरीन**

**(ख) अटकल**

**(खंड-ग)**

**7:- निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित पदों का पद परिचय दीजिए**

**बाग में <u>कोयल</u> कूक रही है**



आपको भी कुछ खाना चाहिए(2)

8:- निम्नलिखित पंक्ति में अलंकार छांट कर उसके भेद का नाम लिखिए

देवता से बैठे सब साधि साधि मौन है।(1)

9:- निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों को उचित समुच्चयबोधक अव्यय से पूरा कीजिए।(2)

(क) शांत हो जाओ_____ अध्यापिका जी को तुम्हारा नाम बता दूंगा।

(ख) माधव केवल पढ़ता ही नहीं ___ चित्र भी बनाता है।

10:- निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर उचित विरामचिन्ह का प्रयोग कीजिए-



*पेड़ पौधे घने जंगल सिर्फ हमें हरियाली ही नहीं देते वह बादलों को आकर्षित करके वर्षा करते हैं और हमें जीने के लिए स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं (1)

11 आज्ञाकारी का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा? (1)

12:- निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए-(2)

1.हाथ तंग होना

2.सिर उठाना

13:- अनेकार्थी शब्द- (2)

(1) दंड

(2) गुण

14:- पर्यायवाची शब्द- (2)

(1) भाग्य

(2) सुंदर

15:- विलोम शब्द- (2)

(1) क्षणिक

(2) वरदान

16:- श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द- (2)

भुवन, भुवन

शर ,सर

17:- वाक्यांश के लिए एक शब्द- (2)


(1) जो क्षमा की योग्य हो

(2) जो काम कठिन हो

(खंड-घ)

18:- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

मेरा प्रिय कवि




या

जीवन में खेल- कूद का महत्व




19:- किसी एक विषय पर पत्र लिखें-(5)

परिवहन अधिकारी को पत्र -संवाहक के दुर्व्यवहार के बारे में पत्र लिखें।




या

प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाणपत्र प्रदान करने हेतु पत्र लिखें।